नाकोड़ा भैरूजी सबको प्यारे हैं

नाकोड़ा भैरूजी सबको प्यारे हैं,
सबके सहारे है, पालनहारे हैं ।
सदा जपो तो वारे न्यारे हैं,
नाकोड़ा भैरूजी सबको प्यारे है ॥

कलयुग के अवतारी है, पर्चा हैं भारी,
भैरूजी की महिमा हैं, दुनिया में न्यारी ।
आते हैं दूर से भक्त सारे है,
सबके सहारे है, पालनहारे हैं ।
सदा जपो तो वारे न्यारे हैं,
नाकोड़ा भैरूजी सबको प्यारे है ॥

भैरूजी हैं भक्तों की अखियों के नूर,
नाम जपते ही होते, संकट सारे दूर ।
चिंता मिटाते हैं, दुःख हरनारे है,
सबके सहारे है, पालनहारे हैं ।
सदा जपो तो वारे न्यारे हैं,
नाकोड़ा भैरूजी सबको प्यारे है ॥

भैरूजी के दर्शन से चैन मन पाए,
भक्त भैरूदादा से मन वांछित पाए ।
दादा दिलवाले है, मन के दयालु है,
सबके सहारे है, पालनहारे हैं ।
सदा जपो तो वारे न्यारे हैं,
नाकोड़ा भैरूजी सबको प्यारे है ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19952/title/nakoda-bheruji-sabko-pyaare-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |